# प्रतिदर्श प्रश्न–पत्र

## 2026

## विषय– हिन्दी
## कक्षा– 10

समय– 3 घण्टा पूर्णांक–80

निर्देश–

(क) इस प्रश्न–पत्र के दो खण्ड 'अ' और 'ब' हैं दोनों खण्डों में पूछे गए सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

(ब) उत्तर यथासम्भव क्रमवार लिखिए। प्रश्नों के अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

### खण्ड– अ

1–निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

जिस प्रकार समुद्र में लहरों के ऊपर हिलोरे लेता हुआ जहाज का प्रकाश स्तंभ सही मार्गदर्शन कर उसे उसके लक्ष्य तक पहुँचाता है। इसी प्रकार यदि विद्यार्थी का उचित मार्गदर्शन ना किया जाय तो वह भटकता ही रहेगा। यह उचित मार्गदर्शन अध्यापक के सिवा कौन कर सकता है। संसार में सभी वंदनीय लोगों के बीच पिता सर्वाधिक वंदनीय है और उससे भी श्रेष्ठ है, विद्या प्रदान करने वाला आदर्श अध्यापक। आदर्श अध्यापक विषय का पूर्ण ज्ञाता, विचारों में गंभीर और सादा जीवन उच्च विचार के आदर्श का पालन करने वाला होता है। उसमें ज्ञान की बड़ी ही तीव्र अगस्त्य–पिपासा होती है। वह सच्चे अर्थों में विद्याव्यसनी होता है। रुफिनी ने कहा है–'अध्यापक उस मोमबत्ती के सदृश है, जो स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश देता है'।

जिस प्रकार कुम्हार बाहर से घड़े को ठोकता–पीटता है तथा भीतर से हाथ का सहारा देकर खोट निकालकर लोकोपयोगी घट का निर्माण करता है, उसी प्रकार आदर्श अध्यापक भीतर से हाथ का सहारा देता हुआ, ऊपर से आवश्यकता पड़ने पर वर्जना करता हुआ अपने शिष्य का शुभ निर्माण करता है। वह कभी संकुचित दृष्टिकोण का शिकार नहीं होता। आदर्श अध्यापक में माता का सा धैर्य होता है, वह दुर्बल, कमजोर बच्चे पर अधिक ध्यान देता है। कदम–कदम परउचित मार्गदर्शन करता है, उसे अधिक समय देता है।

प्राचीन समय में अध्यापकों का बड़ा आदर था। समय के साथ–साथ अध्यापक के रूप, स्थिति और सम्मान में भी परिवर्तन आया है। आज न वे आदर्श अध्यापक रहे, न ही आदर्श विद्यार्थी। पहले उनका सम्बन्ध ईश्वर भक्त के सम्बन्ध जैसा था। अब वह सम्बन्ध न रहा। आज अध्यापक धन के अभाव में पीडित है, अतः वे धनलोलुप हो गए हैं। धन अर्जित करना ही उनका उद्देश्य रह गया है। कक्षा में ढंग से न पढ़ाना, विद्यार्थियों को ट्यूशन पढ़ाना, पैसे लेकर परीक्षा–पत्र बता देना यही उनका लक्ष्य रह गया है। विद्यार्थी भी उनका उचित सम्मान नहीं करते। वे इसे भी व्यापार समझते हैं, अधिक धन देकर वे ज्ञान खरीदते हैं। आदर्श अध्यापक ही विद्यार्थी जीवन का मार्ग दर्शक होता है और विद्यार्थी इस देश का भविष्य। यदि आदर्श अध्यापक ही विद्यार्थी को सही रास्ता नहीं दिखायेंगे तो आने वाले वर्षो में देश गहरे गर्त में होगा।

(क) आदर्श अध्यापक में कौन–कौन से गुण होते हैं? 2



Visit CollegeDekho

(ख) एक आदर्श अध्यापक एक अच्छे विद्यार्थी का निर्माण किस तरह से करता है? 2

(ग) 'एक आदर्श अध्यापक एक अच्छा मार्गदर्शक होता है' कथन के लिए उचित विकल्प चुनिए– 1

(1) वह अपने छात्रों का कदम–कदम पर उचित मार्गदर्शन करता है।
(2) वह अपने छात्रों का सही मार्गदर्शन कर उसे उसके लक्ष्य तक पहुँचाता है।
(3) वह विद्यार्थियों को परीक्षा से पूर्व प्रश्न पत्र उपलब्ध कराता है।
(4) वह अपने छात्रों के साथ मित्रवत व्यवहार करता है।

उत्तर विकल्प–
(अ) कथन 1 सही है।
(ब) कथन 1 और 2 सही है।
(स) कथन 3 और 4 सही है।
(द) कथन 1, 2 और 4 सही है।

(घ) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए– 1

**कथन (A)**– आदर्श अध्यापक कुम्हार की भांति होता है।

**कारण (R)**– वह छात्रों को कठोर शारीरिक दण्ड देकर अनुशासित करता है।

(अ) कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है।
(ब) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत है।
(स) कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
(द) कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(ङ) उपर्युक्त गद्यांश का निम्न विकल्पों मे से सर्वाधिक उपयुक्त शीर्षक है। 1

(अ) परामर्शदाता (ब) सहृदय मित्र (स) माता–पिता (द) एक आदर्श अध्यापक

2. दिए गए संकेत–बिन्दुओं के आधार पर निम्नलिखित विषय में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबन्ध लिखिए– 8

(क) मेरे जीवन का लक्ष्य–
(1) जीवन में लक्ष्य का महत्व
(2) मेरे जीवन का लक्ष्य एवं प्रेरणा स्रोत
(3) लोक हित की भावना
(4) लक्ष्य प्राप्ति की तैयारी।

(ख) उत्तराखण्ड में प्राकृतिक आपदा–
(1) प्राकृतिक आपदा का अर्थ
(2) उत्तराखण्ड की प्राकृतिक आपदाएँ
(3) प्राकृतिक आपदा के कारण व भयावहता
(4) सुरक्षा अथवा आपदा से निपटने के उपाय

3. आपके विद्यालय में खेल सामग्री की भारी कमी है। आवश्यक सामग्री की सूची तैयार कर अपने प्रधानाचार्य को उक्त सामग्री सुलभ कराने हेतु एक प्रार्थना–पत्र लिखिए (आपका काल्पनिक नाम क,ख,ग है)। 4

*अथवा*

आपके मित्र ने परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की है। इस उपलक्ष्य में मित्र को बधाई पत्र लिखिए (आपका काल्पनिक नाम क,ख,ग है)।



Visit CollegeDekho

4. निम्नलिखित प्रश्नों का यथानिर्देश उत्तर दीजिए–

(क) अकर्मक क्रिया की परिभाषा लिखिए। 1

(ख) निम्नांकित वाक्य के आधार पर सही क्रिया–भेद छाँटकर लिखिए– 1

किसान फसल उगाता है।

(1) अकर्मक क्रिया

(2) सकर्मक क्रिया

(3) विकल्प (1) और (2) दोनों

(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

5. निम्नलिखित प्रश्नों का यथानिर्देश उत्तर दीजिए।

(क) 'अव्यय' से क्या आशय है? 1

(1) जिसके रूप में परिवर्तन हो ।

(2) जिसके रूप में परिवर्तन न हो।

(3) जो अर्थ को बल प्रदान करते हो।

(4) जहाँ कर्म की आवश्यकता ना हो।

(ख) निम्नांकित वाक्य में विस्मयादिबोधक शब्द छाँटिए– 1

अरे! चाँद निकल आया।

6. (क) रचना के आधार पर वाक्य के कितने भेद होते है ? नाम लिखिए। 1

(ख) प्रश्नवाचक वाक्य को उदाहरण सहित समझाइए। 1

7. (क) राम द्वारा धनुष तोड़ा गया। (कर्तृवाच्य में बदलिए) 1

(ख) मुझसे चला नहीं जाता। (वाक्य में वाच्य नाम लिखिए) 1

8. निम्नलिखित में से 'अम्बुद' शब्द का अर्थ है। 1

(क) पर्वत (ख) बादल (ग) सागर (घ) नीरज

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से कौन 'राकेश' शब्द का अर्थ नहीं है। 1

(1) मयंक (2) सुधांशु (3) हिमकर (4) भाष्कर

9. निम्नलिखित काव्यांशों को पढ़कर किसी एक काव्यांश के नीचे दिए गए किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए– 2+2=4

ऊधौ तुम हो अति बड़भागी।
अपरस रहत सनेह तगा तैं, नाहिन मन अनुरागी।
पुरइनि पात रहत जल भीतर, ता रस देह ना दागी।
ज्यौं जल माहँ तेल की गागरि, बूँद न ताकौं लागी।
प्रीति–नदी में पाउँ न बोरयौ, दृष्टि न रूप परागी।
सूरदास अबला हम भोरी, गुर चाँटी ज्यौं पागी।।

(क) उद्धव और गोपियों में वैचारिक अन्तर क्या है ?

(ख) 'गुर चाँटी ज्यों पागी' के माध्यम से श्री कृष्ण के प्रति गोपियों के प्रेम को प्रतिप्रादित कीजिए।

(ग) प्रस्तुत पद का काव्य–सौन्दर्य लिखिए।



Visit CollegeDekho

अथवा

धन्य तुम, माँ भी तुम्हारी धन्य
चिर प्रवासी मैं इतर, मै अन्य
इस अतिथि से प्रिय तुम्हारा क्या रहा सम्पर्क
उँगलियाँ माँ की कराती रही हैं मधुपर्क
देखते तुम इधर कनखी मार
और होतीं जब कि आँखें चार
तब तुम्हारी दंतुरित मुस्कान
मुझे लगती बड़ी ही छविमान!

(क) कवि किसकी माँ को धन्य कह रहा है और क्यों?
(ख) मधुपर्क का लाक्षणिक अर्थ स्पष्ट कीजिए ।
(ग) 'कनखी मारना' एवं 'आँखें चार होने' का अर्थ बताइए।

10. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए– 2+2=4
(क) 'साहस और शक्ति के साथ विनम्रता हो तो बेहतर है'। इस कथन पर अपने विचार लिखिए।
(ख) आत्मकथा कविता के आधार पर बताइए कि कवि आत्मकथा लिखने से क्यों बचता है?
(ग) 'उत्साह' कविता का संदेश अपने शब्दों में व्यक्त कीजिए।

11. (क) 'कुम्हड़बतिया'' से आप क्या समझते है? 1+1=2
(ख) संगतकार कविता में संगतकार किसका प्रतीक है?

12. निम्नलिखित गद्यांशों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किसी एक गद्यांश के नीचे दिए गए दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए– 2+2=4

साधु की सब परिभाषाओं में खरे उतरने वाले कबीर को 'साहब' मानते थे, उन्हीं के गीतों को गाते, उन्हीं के आदेशों पर चलते। कभी झूठ नहीं बोलते, खरा व्यवहार रखते। किसी से भी दो–टूक बात करने में संकोच नहीं करते, ना किसी से खामखाह झगड़ा मोल लेते। किसी की चीज नहीं छूते, ना बिना पूछे व्यवहार में लाते। इस नियम को कभी–कभी इतनी बारीकी तक ले जाते कि लोगों को कुतूहल होता! कभी वह दूसरे के खेत में शौच के लिए भी नहीं बैठते। वह गृहस्थ थे, लेकिन उनकी सब चीज 'साहब' की थी। जो कुछ खेत में पैदा होता, सिर पर लादकर पहले उसे साहब के दरबार में ले जाते जो उनके घर से चार कोस दूर पर था– एक कबीर पंथी मठ से मतलब! वह दरबार में 'भेंट' रूप रख लिया जाकर 'प्रसाद' रूप में जो उन्हें मिलता उसे घर लाते और उसी से गुजर चलाते।

(क) प्रस्तुत अनुच्छेद के आधार पर साधु को परिभाषित कीजिए ।
(ख) बालगोविंद भगत की कबीर पर श्रद्धा किन–किन रूपों में प्रकट हुई है?
(ग) 'वह गृहस्थ थे लेकिन उनकी सब चीज साहब की थी।' इस कथन के आधार पर गृहस्थ की विशेषताएँ बताइए।

अथवा

सभ्यता है संस्कृति का परिणाम। हमारे खाने पीने के तरीके हमारे ओढ़ने पहनने के तरीके, हमारे गमनागमन के साधन, हमारे परस्पर कटमिटने के तरीके सब हमारी सभ्यता है। मानव की जो योग्यता उससे आत्म–विनाश के साधनों का आविष्कार कराती है, हम उसे उसकी संस्कृति कहें या असंस्कृति?



Visit CollegeDekho

और जिन साधनों के बल पर वह दिन–रात आत्म–विनाश में जुटा है, उन्हें हम उसकी सभ्यता समझें या असभ्यता? संस्कृति का यदि कल्याण की भवना से नाता टूट जाएगा तो वह असंस्कृति होकर ही रहेगी और ऐसी संस्कृति का अवश्यंभावी परिणाम असभ्यता के अतिरिक्त दूसरा क्या होगा?

(क) सभ्यता में हमारे कौन–कौन से क्रियाकलाप सन्निहित हैं?

(ख) संस्कृति और असंस्कृति में मूल अन्तर क्या है?

(ग) संस्कृति में कौन सी भावना की प्रधानता होती है?

13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए– 2+2=4

(क) नेता जी का चश्मा कहानी से प्राप्त संदेश को स्पष्ट कीजिए?

(ख) लेखिका ने स्वयं में हीन भावना तथा आत्म विश्वास की कमी के क्या कारण बताए है?

(ग) बालगोविन्द भगत के व्यक्तित्व की विशेषताओं का निरूपण कीजिए?

14. (क) 'मोह और प्रेम' में क्या अन्तर होता है? भगत के जीवन की किस घटना के आधार पर यह कथन सिद्ध होता है? 2

(ख) सुई धागे के आविष्कार का क्या कारण था? 1

15. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए– 2+2+2=6

(क)'माता का अंचल' पाठ में वर्णित प्राचीन ग्रामीण संस्कृति व आज की ग्रामीण संस्कृति में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'माता का अंचल' पाठ में बच्चों की जो दुनिया रची गई है वह आपके बचपन की दुनिया से किस तरह भिन्न है?

(ग) 'साना–साना हाथ जोड़ि' यात्रावृतांत के आधार पर बताइए कि प्रकृति ने 'जल संचय' की व्यवस्था किस प्रकार की है ?

(घ) देश की सीमा पर बैठे फौजी किस तरह की कठिनाइयों से जूझते हैं, उनके प्रति हमारा क्या उत्तरदायित्व होना चाहिए ?

## खण्ड– ब

16. अधोलिखितं गद्यांशं पठित्वा त्रीन प्रश्नान् पूर्ण वाक्येन उत्तरत्– 2+2+2=6

(निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए)

देवभूमि उत्तराखण्डे उत्तरस्यां दिशि श्री बदरीनाथधाम भगवतः श्रीविष्णोः आराध्यस्थलं वर्तते। मन्दिरमेतत् अलकनन्दानद्याः तटे स्थितमस्ति। आद्यजगद्गुरुशंकराचार्येण श्रीबदरीनारायणस्य मूर्तिः नारदकुण्डात् सम्प्राप्य पुनर्प्रतिष्ठापिता। अस्मिन देवालये नारायणस्वरूपस्य भगवतः श्री बदरीविशालस्य पूजार्चनं विधीयते। अत्र मन्दिरं पुरतः स्थिते तप्तकुण्डे जनाः स्नानं कुर्वन्ति। महत्कौतुकस्य विषयोऽयं यत् हिमप्रदेशे स्थिते कुण्डे तप्तोदकं प्राप्यते। विश्वे दुर्लभा सुगन्धिता औषधगुणयुक्ता च तुलसी अस्यामेंव पवित्र भूमौ उपजायते।

(क) उत्तरस्यां दिशि विद्यामानस्य धाम्नः किं नाम अस्ति?

(ख) श्रीबदरीनाथधामं कस्याः नद्याः तटेः स्थितम्?

(ग) उत्तरारखण्डस्य कस्य जनपदे श्री बदरीनाथधाम्नः स्थितम् अस्ति?

(घ) अत्र मन्दिरं पुरतः स्थिते तप्तकुण्डे जनाः किं कुर्वन्ति ?



Visit CollegeDekho

17. अधोलिखितं पद्यांशं पठित्वा द्वौ प्रश्नान् पूर्ण वाक्येन उत्तरत– 2+1+1=4

(निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए)

होलिकादशहरापर्वकोजागरी–
पोंगलश्रावणीदीपमालामयम्।
लोहडीदौणमाद्युत्सवैः पूरितं
भूतले भाँति मेऽनारतं भारतम्।।

(क) भारते कानि–कानि प्रमुखानि पर्वाणि सन्ति ?

(ख) भूतले इति पदे विभक्ति वचनं च अस्ति ?

(1) प्रथमा विभक्ति द्विवचनं (2) प्रथमा विभक्ति एकवचनम्
(3) तृतीया विभक्ति द्विवचनं (4) सप्तमी विभक्ति एकवचनम्

(ग) 'मेऽनारतं' इति पदस्य सन्धि विच्छेदं कुर्वन्ति।

18. पठित पाठाधारितान्. त्रीन् प्रश्नान् पूर्णवाक्येन उत्तरत (पठित पाठों के आधार पर तीन प्रश्नों के पूर्णवाक्य में उत्तर दीजिए)। 2+2+2=6

(क) ग्रीष्मकाले जनाः भ्रमणार्थं कुत्र गच्छति ?

(ख) चतुर्णां धाम्नां नामानि लिखत ?

(ग) भारते काः प्रमुखाः भाषाः सन्ति ?

(घ) शल्यचिकित्सायाः सिद्धान्तः कः अपाठयत् ?

19. अधोलिखितेषु शब्देषु यथोचितं शब्दं चित्वा रिक्त स्थानाानि पूरयत– 1/2x4=2

(निम्नलिखित शब्दों में से उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए)

**शब्दसूचीः–पठति दशपुत्रः हिमालयात् पुष्पम्**

(क) एकदा गामे................................एकः मुनिः आगच्छत्।

(ख) सः विज्ञान विषयान्......................................।

(ग) वृक्षा......................................इव।

(घ) नद्यां सुन्दरं.........................................दृश्यते।

20. अधोलिखितेभ्यः यथा निर्देशं केवलं चत्वारि प्रश्नान् उत्तरत्। 1x4=4

(निम्नलिखित में से निर्देशानुसार किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए)–

(क) सन्धि कुरुत (संधि कीजिए)

तदा+एव, जीविका+उपार्जनम्

(ख) सन्धि विच्छेदं कुरुत–( संधि विच्छेद कीजिए)

नोचितम्, कोऽपि

(ग) अधोलिखितेभ्यः पदेभ्यः उपसर्गान पृथककृत्वा उचितपदं लिखित–

(अधोलिखित पदों से उपसर्ग पृथक करके उचित पद लिखिये)

(अ) प्रत्येकः

(1) प्रह+एकः (2) प्रति+अकः (ग) प्रति+येकः (घ) प्रति+एकः

(ब) उपदेशः

(1) उ+पदेशः (2) उपदेशः (3) उपदे+शः (घ) उपो+देशः



Visit CollegeDekho

(घ) उचित मिलानं कुरुत—(उचित मिलान करो)

| खण्ड 1 | खण्ड 2 |
|---|---|
| 1. रामश्च, लक्ष्मणश्च | I. षष्ठी तत्पुरुष समास |
| 2. पंचानां वटानां समाहारः | II. अव्ययीभावः समास |
| 3. वर्षम् वर्षम् प्रति | III. द्विगु समास |
| 4. राज्ञः पुत्रः | IV. द्वन्द्व समास |

विकल्प—

(क) 1—III 2—II 3—IV 4—I

(ख) 1—II 2—I 3—III 4—IV

(ग) 1—IV 2—III 3—II 4—I

(घ) 1—I 2—IV 3—III 4—II

(ङ) कोष्ठके प्रदत्तेषु शब्देषु शुद्धं शब्दं चित्वा रिक्तस्थानानि पूरयत—

(कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से शुद्ध शब्द चुनकर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए)

(1) ............................................ पत्राणि पतन्ति। (वृक्षेण/वृक्षात्)

(2) पिता...................................... सह आगतः। (पुत्रस्य/पुत्रेण)

**21.** निम्नांकित शब्दसूचीतः चतुर्णाम् शब्दानां वाक्यप्रयोगं कुरुत— 1/2x4=2

(निम्नांकित शब्दों में से किन्ही चार का वाक्य में प्रयोग कीजिए)

सः वयम् अपठतः गमिष्यामि वृक्षात् धावन्ति

*अथवा*

अधोलिखित वाक्येभ्यः द्वयोः संस्कृतानुवादं कुरुत— 1x2=2

(अधोलिखित वाक्यों में से किन्ही दो का संस्कृत में अनुवाद कीजिए—)

(क) सूर्य पूर्व में निकलता है।

(ख) तुम भोजन करो।

(ग) हिन्दी हमारी राष्ट्र भाषा है।

*****



Visit CollegeDekho